**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**24.07.2019 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5167 का उत्तर**

**ओडिशा और महाराष्ट्र में नई रेल परियोजनाएं**

**5167. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**श्री चंद्र शेखर साहूः**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**
**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा तथा महाराष्ट्र सहित देश में रेलवे द्वारा नई रेल लाइन बिछाने सहित नई रेल परियोजनाओं हेतु कराए गए प्राथमिक सर्वेक्षण का रेल लाइन-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ख) जिन परियोजनाओं पर आगे का कार्य आरंभ हो चुका है उनका रेल लाइन-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ग) सर्वेक्षण के पश्चात् बंद कर दी गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;**

**(घ) इन सर्वेक्षणों पर कुल कितना व्यय हुआ है;**

**(ङ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ओडिशा और महाराष्ट्र के बड़े भाग में अभी भी रेल नेटवर्क नहीं है और लोग तथा जनप्रतिनिधि संबंधित क्षेत्रों में रेल संपर्क की मांग कर रहे हैं;**

**(च) यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और**

**(छ) इन परियोजनाओं पर कार्य कब तक आरंभ होने की संभावना है?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (छ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

mm

**ओडिशा और महाराष्ट्र में नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव, श्री चंद्र शेखर साहू एवं श्री श्रीरंग आप्पा बारणे के अतारांकित प्रश्न सं. 5167 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क): पिछले तीन वर्षों (2016-17, 2017-18, 2018-19) और चालू वर्ष के दौरान नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण से संबंधित 267 सर्वेक्षण पूरे कर लिए गए हैं। इनमें महाराष्ट्र से 30 और ओड़िशा से 22 अदद सर्वेक्षण शामिल हैं।**

**(ख): पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान अपेक्षित अनुमोदन के अध्यधीन उपर्युक्त में से 45 रेलवे परियोजनाओं को बजट में शामिल किया गया है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न है। इनमें ओडिशा और महाराष्ट्र से संबंधित परियोजनाएं भी शामिल हैं।**

**(ग) और (घ): सर्वेक्षण रिपोर्ट में दी गई वरियता के आधार पर परियोजनाओं को स्वीकृत किया जाता है जिसमें परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता, परिचालनिक आवश्यकता, परियोजना की लागत भागीदारी करने के लिए राज्य सरकारों की सहमति आदि शामिल हैं। सर्वेक्षण रिपोर्टों की विस्तृत जांच करने के बाद 116 सर्वेक्षण रिपोर्टों को स्थगित कर दिया गया है। टोही इंजीनियरी सह यातायात सर्वेक्षण (आरईटीएस) के लिए स्वीकृत राशि 25,000 रु. प्रति किमी हैं और प्रारंभिक इंजीनियरी-सह-यातायात सर्वेक्षण (पीईटीएस) के लिए 50,000 रु. प्रति किमी है।**

**(ङ) से (छ) : रेलवे को रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों, चुने हुए प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से रेलवे परियोजनाओं के संबंध में औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनों तरह के प्रस्ताव/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे प्रस्तावों/सुझावों का प्राप्त होना सतत और गतिशील प्रक्रिया है, ऐसे अनुरोधों का केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता है। नई लाइनों, मीटर लाइन से बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन और व्यवहार्यता अध्ययन के लिए सर्वेक्षण करना भारतीय रेलों की सतत और गतिशील वाली प्रक्रिया है और इसे राज्य सरकारों, केंद्र के मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन-प्रतिनिधियों और रेलवे की स्वयं की जरूरतों के आधार पर किया जाता है।**

********

mm

**ओडिशा और महाराष्ट्र में नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव, श्री चंद्र शेखर साहू एवं श्री श्रीरंग आप्पा बारणे के अतारांकित प्रश्न सं. 5167 के भाग (ख) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।**

**(ख): विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बजट में शामिल किए गए सर्वेक्षणों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं: -**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | योजना शीर्ष | सर्वेक्षण पूरा होने का वर्ष | राज्य | लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दौराला (मेरठ) - पानीपत नई लाइन | एनएल | 2016-17 | यूपी, एचएआर | 97 |
| 2 | एटा-कासगंज | एनएल | 2016-17 | यूपी | 27 |
| 3 | तेजपुर-सिलघाट | एनएल | 2016-17 | एएसएस, एनई | 27 |
| 4 | सलोना-खुमताई | एनएल | 2016-17 | एएसएस,एनई | 99 |
| 5 | अमरावती के रास्ते विजयवाड़ा-गुंटूर | एनएल | 2016-17 | एपी,टीईएल | 106 |
| 6 | शिवसागर-जोरहाट | एनएल | 2016-17 | एएसएस,एनई | 62 |
| 7 | पडरौना - कुशीनगर -गोरखपुर | एनएल | 2016-17 | यूपी | 64 |
| 8 | वेरावल - तलाला- विशावदार ( वेरावल-ढासा जं. वाया तलाला-विश्ववाद-खिजाडिया ) | जीसी | 2016-17 | जीयूजे | 72 |
| 9 | राजपीपला (केवाड़िया कॉलोनी) के विस्तार सहित दभोई-चांदोद | जीसी | 2016-17 | जीयूजे | 50 |
| 10 | वटवा - अहमदाबाद -साबरमती (13.3.km) चौथी लाइन | डीएल | 2016-17 | जीयूजे | 18 |
| 11 | कटनी और बीना के बीच तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एसपी | 279 |
| 12 | विजयवाड़ा - गुडूर तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एपी | 288 |
| 13 | राजनंदगांव -नागपुर तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एमएएच | 228 |
| 14 | आलमनगर-उतरेतिया | डीएल | 2016-17 | यूपी | 18 |
| 15 | पुणे-मिराज-लोंडा के बीच दोहरीकरण। | डीएल | 2016-17 | एमएएच | 467 |
| 16 | पुणे-लोनावाला के बीच तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एमएएच | 64 |
| 17 | सुरेंद्रनगर -राजकोट: - ब.ला. सिंगल लाइन खंड का दोहरीकरण (116.17 किमी) | डीएल | 2016-17 | जीयूजे | 116 |
| 18 | झांसी- बीना तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एमपी,यूपी | 152 |
| 19 | खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | डब्ल्यू,जेएचए | 138 |
| 20 | दुवाड़ा-विजयवाड़ा के बीच तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एपी | 333 |
| 21 | इटारसी -नागपुर तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | एमपी,एमएएच | 280 |
| 22 | बोंगाईगाँव - गोलपारा-गुवाहाटी दोहरीकरण | डीएल | 2016-17 | एएसएस | 176 |
| 23 | काजीपेट - बल्लारशाह के बीच शेष खंड का तीसरी लाइन। | डीएल | 2016-17 | एमएएच, टीईएल | 201 |
| 24 | वाराणसी- माधोसिंह -इलाहाबाद | डीएल | 2016-17 | यूपी | 120 |
| 25 | सरायघाट पुल | डीएल | 2016-17 | एएसएस, एनई | 7 |
| 26 | कटनी में ग्रेड सेपरेटर/ बायपास । | डीएल | 2016-17 | एमपी | 22 |
| 27 | भद्रक-विजयनगरम के बीच शेष खंड में तीसरी लाइन। | डीएल | 2016-17 | एपी,ओडीआई | 385 |
| 28 | रोसा- सीतापुर कैंट-बुढ़वल | डीएल | 2016-17 | यूपी | 181 |

mm

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | योजना शीर्ष | सर्वेक्षण पूरा होने का वर्ष | राज्य | लंबाई (किमी में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | जोधपुर ( राय का बाग )- फुलेरा ( डेगना ) | डीएल | 2016-17 | आरएजे | 145 |
| 30 | मथुरा-झांसी तीसरी लाइन | डीएल | 2016-17 | यूपी | 274 |
| 31 | राबर्ट्सगंज-मुगलसराय वाया मधुपुर एवं अरोहरा । | एनएल | 2017-18 | यूपी | 73 |
| 32 | कांड्रा-नामकोम (रांची) | एनएल | 2017-18 | जेएचए | 106 |
| 33 | पीलीभीत-शाहजहांपुर | जीसी | 2017-18 | यूपी | 84 |
| 34 | आसनसोल को छोड़कर "वाई" कनेक्शन सहित राधानगर और बाराचक के बीच जोड़ने वाली लाइन | डीएल | 2017-18 | डब्ल्यूबी | 20 |
| 35 | शिमोगा-शिकारीपुरा-रानाबेन्नुर | एनएल | 2016-17 | केएआर | 89 |
| 36 | जौनपुर-जंघई-फाफामऊ-ऊंचाहर-उन्नाव | डीएल | 2016-17 | यूपी | 288 |
| 37 | कामाख्या ( अगथोरी ) वाया रंगिया | डीएल | 2016-17 | एएसएस, एनई | 143 |
| 38 | सोलापुर-तुलजापुर-उस्मानाबाद | एनएल | 2017-18 | एमएएच | 80 |
| 39 | पचोरा और जामनेर और मलकापुर तक विस्तार (छोटी लाइन से बड़ी लाइन) | जीसी | 2017-18 | एमएएच | 84 |
| 40 | नेपालगंज रोड- नेपालगंज ( बाबागंज (भारत) - नेपालगंज | एनएल | 2018-19 | यूपी, नेपाल | 20 |
| 41 | मैसूर- कुशलनगर - मडिकेरे | एनएल | 2018-19 | केएआर | 119 |
| 42 | जयपुर-सवाई माधोपुर | डीएल | 2018-19 | आरएजे | 131 |
| 43 | बरेली- चंदौसी -अलीगढ़ | डीएल | 2019-20 | यूपी | 162 |
| 44 | जयपुर-नवरंगपुर | एनएल | 2017-18 | ओडीआई | 38 |
| 45 | जयपुर-मल्कानगिरी | एनएल | 2017-18 | ओडीआई | 130 |

| | |
|---|---|
| एनएल- नई लाइन | पीएच - योजना शीर्ष |
| एनएल-नई लाइन | यूपी- उत्तर प्रदेश |
| डीएल- दोहरीकरण | यूपी- उत्तर प्रदेश |
| जीसी- आमान परिवर्तन | एचएआर- हरियाणा |
| एनई- पूर्वोत्तर क्षेत्र | जेएचए- झारखंड |
| एएसएस- असम | एमएएच- महाराष्ट्र |
| एपी- आंध्र प्रदेश | डब्ल्यूबी- पश्चिम बंगाल |
| टीईएल- तेलंगाना | एमपी- मध्य प्रदेश |
| जीयूजी- गुजरात | ओडीआई- ओडिशा |
| केएआर- कर्नाटक | आरएजे- राजस्थान |

*****

mm